## खबर संक्षेप



### नगर निगम एवं यातायात विभाग ने की संयुक्त कार्यवाही

**कटनी।** पर्वों के दौरान नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया कराने के उद्देश्य से नगर निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा विभिन्न मार्गों में अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों के अस्थाई अतिक्रमण हटाते हुए सुव्यवस्थित यातायात बनाये रखने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान सुगम आवागमन हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में सुभाष चैक,स्टेशन रोड, झंडा बाजार, जुलूस मार्ग सहित मुख्य मार्गों के अस्थाई अतिक्रमण एवं वाहनों को हटाने की कार्यवाही की गई साथ ही फुटकर व्यापारियों से निर्धारित स्थल पर ही व्यापार करने तथा अनावश्यक यातायात बाधित ना करते हुए शहर को सुव्यवस्थित बनाए रखने की अपील की गई। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े एवं सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके इस हेतु आगे भी यह कार्यवाही निरंतर की जाएगी।

### जंगली हाथी ने धान की फसल किया चौपट



**बरही।** तहसील अंतर्गत ग्राम जगुआ के डुडहा के किसानों की धान की फसल जंगली हाथी ने नष्ट कर दिया। तीन चार दिनों से रोजाना बफर जोन पनपथा के जगुआ वीट में एक जंगली कॉलर वाला हाथी अपना डेरा जमाया हुआ है। शाम ढलते ही जंगल से निकलकर खेतों में घुस जाता है और फसल खाता है और रौंद कर बर्बाद कर रहा है। किसानों ने स्थानीय वन अमला को सूचना दिया, वन अमला पहुंचकर ग्रामीणों के साथ ट्रैक्टर की आवाज व ढोल-नगाड़े से शोरगुल कर वन विभाग की ओर तीन चार दिनों से खदेड़ा जा रहा है पर चला जाता है फिर आ जाता है यह हाथी डरता नहीं है, लोगों को खदेड़ता हैं। किसानों का कहना है उच्चाधिकारी ध्यान नहीं दें रहें हमारी फसलों को नष्ट कर रहा है। हाथी के दहशत से हम खेत नहीं जा रहें अपनी फसल की तकवारी करने ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है कोई अनहोनी न हो जाए ग्रामीण उच्च अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं की जंगली हाथी से निजात दिलवाया जाए जिससे हमारी फसल सुरक्षित बच सकें।

### ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले पर 6000 का जुर्माना



**बरही।** शांति भंग करने वाले एवं मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाले चालकों के विरुद्ध बरही पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। आज दिनांक 23.09.2025 को थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए बरही पुलिस ने बुलेट क्रमांक MP21 MF 9245 को गोली चलने जैसी तेज आवाज निकालते हुए पकड़ा। वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर 6000 का जुर्माना वसूला गया। साथ ही मौके पर ही मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाकर जब्त किया गया। बरही पुलिस आमजन से अपील करती है कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### जन सुनवाई में पहुंचे पीड़ितों ने अधिकारियों को सुनाई व्यथा, न्याय दिलाने की गुहार

# योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 1.89 लाख की धोखाधड़ी, जमीन बिक्री के पूरे पैसे नहीं देने आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जन सुनवाई में धोखाधड़ी के दो मामलों में फरियादियों ने अधिकारियों से न्याय दिलाने के लिए गुहार लगाई। पहले मामले में जमीन बिक्री के पैसे नहीं मिलने जबकि दूसरे मामले में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लोन दिलाने के नाम पर एक ही परिवार के लोगों से लाखों की धोखाधड़ी की गई।

जन सुनवाई में पहुंची नई बस्ती निवासी नीता निषाद ने कलेक्टर को बताया कि उन्होंने बहोरीबंद तहसील के नैगवां गांव में अपनी 11 एकड़ जमीन 29 लाख 70 हजार रुपए में बेची थी। जमीन खरीदने वाले ने रजिस्ट्री कार्यालय में 17 लाख 24 हजार रुपए दिए थे। बरही ग्राम के सुमित सैनी ने सुरक्षा का हवाला देकर यह राशि अपने पास रख ली। उन्होंने महिला को आश्वासन दिया था कि पैसे उनके घर तक पहुंचा देंगे। नीता को अब तक जमीन की कुल कीमत में से सिर्फ 12 लाख 46 हजार रुपए ही मिले हैं। उन्होंने कलेक्टर से शिकायत करते हुए



सुमित सैनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

वहीं दूसरी ओर इस मामले में सुमित सैनी का कहना है कि महिला का आरोप निराधार है। तय सौदे के अनुसार पूरी रकम दे दी गई है।

### 1.89 लाख का लगाया चूना

इसी तरह ग्राम बड़खेरा निवासी एक परिवार के लोगों ने जन सुनवाई में अधिकारियों को बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कम ब्याज पर लोन दिलाने के नाम पर 1.89 लाख की ठगी की गई है। पीड़ितों ने कलेक्टर अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ताओं में जगन पटेल, कोमल पटेल और आंतरिक पटेल शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि सुषमा नामक एक महिला ने खुद को श्रम विभाग का अधिकारी बताया। उसने इन लोगों को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कम ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा दिया।

जगन पटेल का कहना है कि 30 फरवरी को सुषमा ने उनसे 1.25 लाख, कोमल पटेल से 30,000 और आंतरिक पटेल से 34,000 अलग-अलग किस्तों में लिए। महिला ने कहा था कि यह राशि लोन के लिए जरूरी प्रक्रिया शुल्क है। पैसे लेने के बाद से न तो पीड़ितों को लोन मिला और न ही सुषमा से कोई संपर्क हो पा रहा है। उसके फोन नंबर भी बंद आ रहे हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उनके साथ धोखाधड़ी की गई हैं।

### जांच कर कार्यवाही के दिए निर्देश

जालसाजी के शिकार हुए पीड़ितों ने बताया कि यह पैसा उन्होंने बहुत मुश्किल से जमा किया था और अब वे इसे वापस पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जनसुनवाई में अधिकारियों ने उनकी शिकायत को गंभीरता से लिया है और संबंधित थाने को इस मामले की जांच कर महिला के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा मुख्यालय के अंतर्गत ग्राम बिजौरी में जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉक्टर आशीष रेजा के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय एवं दशम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क मेगा आयुक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दशम आयुर्वेद दिवस, आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर आयोजित शिविर में समिति के आसपास के गांव बिजोरी, अतरिया, पोड़ी, वाह, चपेहनी, मझगवा, भमराड़, पठरा से 246 लोगों की अलग-अलग बीमारी की जांच उपरांत आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं दवा का लाभ उठाया।

इस दौरान डॉक्टर दिलीप कुमार अहिरवार, डॉ प्रशांत कुमार निगम, डॉ कुलशेर अहमद, डॉ नर्मदा पटेल, डॉ संध्या गोंड, डॉ शिवम, डॉ प्रशांत दुबे, डॉ वीरेंद्र कुमार परौहा, डॉक्टर श्रीकांत चतुर्वेदी, डॉ अशोक चौधरी, डॉ बलेश कुमार मार्को, डॉक्टर शशी प्रभा मरावी, डॉ राकेश नामदेव, डॉ मनीष गर्ग एवं मानव जीवन विकास समिति की टीम का विशेष सहयोग रहा है। शिविर के बाद बिजौरी स्थित देवारण्य हर्बल गार्डन का भ्रमण जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉक्टर आशीष रेजा तथा टीम के साथी और मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के द्वारा देवारण्य पार्क का विजिट किया गया।

# कृषि सखियों के लिए प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 22सितंबर से 26 सितंबर तक कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी मप्र में पाँच दिवसीय कृषि साखियों हेतु प्राकृतिक खेती पर आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम परियोजना संचालक (आत्मा), किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, कटनी के सहयोग से चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर संजय वैशंपायन के मार्ग निर्देशन में एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आर एन पटेल उपसंचालक कृषि जिला कटनी एवं कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के कृषि वैज्ञानिक डॉ ए के तोमर,डॉ शशि गौर, डॉ आर के मिश्रा, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ



आर पी बेन डॉ के.पी द्विवेदी एवं परियोजना संचालक आत्मा श्रीमती अरुनिमा सेन एवं सहायक संचालक कृषि सुश्री रजनी चौहान की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया और कृषि वैज्ञानिक एवं उपसंचालक कृषि ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है जिससे माध्यम से अन्धाधुन्ध रसायनों के प्रयोग को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक कृषि ने कृषि सखियों से कहा कि कटनी जिले से आप लोगों का चुनाव हुआ यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने ब्लॉक और गाँव के कृषकों प्राकृतिक खेती के विषय में जानकारी देनी है। आज के तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों ने अपने अपने विषय में तकनीकी जानकारी दी

### चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**कटनी।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 51 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना शक्ति, रचनात्मकता एवं दूरदर्शिता का उपयोग कर अपने हाथों की कला का परिचय देते हुए, "विकसित भारत @2047" पर चित्र एवं पोस्टर तैयार किए। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागीयों ने भाग लिया।

### गरीब परिवारों को चावल, गेहूं एवं दाल का वितरण



बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी एवं इन्द्र कुमार साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की अध्यक्षता में द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र मदारी टोला, आवास कालोनी ब्लॉक बड़वारा एवं ददरी टोला विलायतकला जिला कटनी में आंगनवाड़ी केंद्रों में उपस्थित बच्चे के अति गरीब परिवारों को चावल, गेहूं एवं दाल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रतिभा पांडे सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग गयाप्रसाद विश्वकर्मा, राजेश कुमार चौधरी, माया गुप्ता, संगीता बर्मन, शिव कुमार चौधरी कार्यक्रम अधिकारी गीता मिश्रा, सरोज सिंह, ज्योति निगम एवं मीरा विश्वकर्मा का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।

# पोषण प्रदर्शनी लगा दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत गत दिवस गर्भवती एवं स्तनपान करने वाली माता को आईवाईसीएफ महिलाओं के परामर्श सत्र का आयोजन किया गया ।प्रचार प्रसार हेतु समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण प्रदर्शनी लगाई गई एवं गर्भवती एवं धात्री माता को विविध प्रकार के व्यंजनों एवं पोषण आहार से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई इसमें आंगनबाड़ी स्तर पर पोषण आहार की विविधता बढ़ाने हेतु तिरंगा थाली का आयोजन किया गया स्थानीय उत्पादों एवं मोटापे से बचाव हेतु कम नमक कम शक्कर कम तेल का उपयोग हेतु लोगों को जानकारी दी गई। कुपोषण को मिटाने हेतु पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए पुरुषों की व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें पुरुषों के द्वारा बनाए गए



व्यंजनों का स्टाल लगाकर प्रदर्शनी की गई है महिलाओं एवं बच्चों किशोरियों में कुपोषण एवं एनीमिया की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ।

आभा एवं अपार आईडी आंगनबाड़ी के बच्चों की बनाई गई है सेक्टर स्तर पर भी सभी आंगनबाड़ी सेक्टरों पर पोषण प्रदर्शनी का आयोजन आठवां राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत किए गए प्रतिदिन के किए गए गतिविधियों की जन आंदोलन में एंट्री करवाई जा रही है जिससे बच्चों एवं महिलाओं में महिलाओं में कुपोषण एवं एनीमिया को दूर किया जा सके।

### कलेक्टर के निर्देश पर कालाबाजारी पर की गई सख्त कार्रवाई

# 7 लाख 60 हजार रूपए का खाद्यान्न खुर्द बुर्द करने पर विक्रेता पर एफआइआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के शासकीय उचित मूल्य दुकान भटगवां के विक्रेता द्वारा खाद्यान्न और नमक व शक्कर की हेराफेरी करने पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस थाना उमरियापान में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राहियों को खाद्यान्न न देकर, खाद्यान्न को खुर्द-बुर्द, हेराफेरी और कालाबाजारी करने वाले दुकान विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा खाद्य आपूर्ति अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी के सख्त रूख के बाद शासकीय उचित मूल्य दुकान भटगवां दुकान कोड 4206041 के विक्रेता अटल बिहारी चौबे के विरूद्ध उमरियापान थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शासकीय उचित मूल्य दुकान भटगवां के विक्रेता अटल बिहारी चौबे की दुकान का निरीक्षण करने पर पीओएस मशीन के प्रदर्शित ऑनलाईन स्टॉक से भौतिक




सत्यापन करने पर 148.01 क्विंटल गेहूँ व 118.02 क्विंटल चावल तथा 0.18 क्विंटल शक्कर कम पाई गई। जबकि नमक मात्रा 10.58 क्विंटल स्टॉक से अधिक पाया गया। इस प्रकार विक्रेता अटल बिहारी चौबे द्वारा खाद्यान्न वितरण कार्य में अनियमितता सहित राशन वितरण कार्य में लापरवाही करते हुये 7 लाख 60 हजार 31 रूपये बाजार मूल्य की कीमत के खाद्यान्न की हेरा-फेरी करना पाया गया। इसके लिए विक्रेता श्री चौबे के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 व 318 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### अंगूठा लगवाने के बाद भी नहीं दिया खाद्यान्न

शासकीय उचित मूल्य दुकान भटगवां क्षेत्र के हितग्राहियों द्वारा जांच अधिकारी एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ढ़ीमरखेड़ा को अवगत कराया गया कि प्रति माह नियमित रूप से राशन दुकान नहीं खोली जाती एवं वितरण नहीं किया जाता था। हितग्राहियों का अंगूठा पीओएस मशीन में लगवाने के बावजूद खाद्यान्न नहीं दिया जाता था। हितग्राही जीवनलाल भूमिया, हरछठ सिंह, जितेन्द्र लोनी और अशोक कुमार भूमिया ने जांच अधिकारी को सामूहिक कथन में बताया कि विक्रेता श्री चौबे द्वारा पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक सत्यापन करवाने के बाद भी राशन प्रदाय नहीं किया जाता।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 206 आवेदकों की समस्याएं

# साहब! शराब की अवैध बिक्री से गांव का माहौल हो रहा खराब, करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में यहां पहुंचे 206 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। मंगलवार को जनसुनवाई अनुविभाग, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं विंकी सिंहमारे उइके सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम पंचायत देवरी हटाई के राजेश गुप्ता ने कलेक्टर श्री तिवारी को बताया कि उनकी समग्र



आईडी नहीं बन पाई है। पंचायत स्तर पर उन्हें समग्र आईडी बनाने में कुछ तकनीकी समस्या होने की जानकारी पंचायत सचिव द्वारा बताई जा रही है। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह को राजेश गुप्ता की नई समग्र आईडी बनवाने के निर्देश दिये। इस प्रकार जनसुनवाई में ही राजेश गुप्ता की समग्र आईडी बन गई।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम टिकरवारा निवासी सुशील पटेल ने अवैध शराब की ब्रिक्री बंद कराये जाने की मांग करते हुये बताया कि शाम के समय गांव में अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। पुलिस द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस पर कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम कुम्हरवारा निवासी सुग्रीव चौधरी ने मुख्यमंत्री अन्त्येष्टि सहायता राशि दिलाये जाने की मांग करते हुये कहा कि मैं गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करता हूँ एवं मजदूरी के माध्यम से अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ। जून 2025 में मेरी पत्नी की मृत्यु हार्ट अटैक से हो गई थी। मुझे सहायता राशि दिलाई जाय। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत बड़वारा के सीईओ को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

इंदिरा नगर बालगंगाधर तिलक वार्ड कटनी निवासी विजय कुमार अहिरवार ने बताया कि मेरा मकान शासकीय भूमि पर बना है। मैंने भूमि के पट्टा हेतु आवेदन दिया था परंतु अभी तक मेरे आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर ने नजूल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम हीरापुर कौड़िया निवासी अनिकेत बड़गैया ने बताया कि मैंने वर्ष 2024-25 में के.डी.सी. महाविद्यालय में बीफार्मा में प्रवेश लिया था एवं फीस जमा कर दी थी। परंतु आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण प्रथम सेमेस्टर के बाद मैंने शासकीय तिलक कॉलेज में बीए में प्रवेश ले लिया। परंतु के.डी.सी. महाविद्यालय द्वारा मुझे टीसी नहीं दी जा रही है। एवं बिना पढ़े ही मुझसे दूसरे सेमेस्टर की फीस की मांग की जा रही है। कलेक्टर ने शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।



# बेपटरी हुआ मालगाड़ी का डिब्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को कटनी जंक्शन के पास एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। बिलासपुर इंड की ओर जा रही एक मालगाड़ी का डिब्बा अचानक पटरी से उतर गया। यह हादसा कटनी जंक्शन के समीप गायत्री नगर पुलिया के पास हुआ। हादसे के समय ट्रेन सतना से जिप्सम लोड कर बिलासपुर की ओर जा रही थी। जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी में कुल 52 डिब्बे लगे हुए थे। इनमें से एक डिब्बा अचानक बेपटरी हो गया, जिससे रेल यातायात प्रभावित हो गया। हादसे की खबर लगते ही रेलवे प्रशासन हरकत में आया और राहत व पुनर्स्थापन कार्य शुरू कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुँच गए। तकनीकी दल ने डिरेल हुए डिब्बे को ट्रैक पर चढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। हादसे के कारण बिलासपुर रूट पर कुछ समय तक रेल यातायात बाधित हुआ। रेल अधिकारियों ने राहत कार्य युद्ध स्तर पर किया और जल्द ही ट्रैक को क्लियर कर सामान्य यातायात बहाल कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### त्यौहार के मद्देनजर मिठाई दुकानों की जांच हेतु दल गठित

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर कटनी शहर में मिष्ठान भंडार एवं खोवा की दुकानों की खाद्य सामग्री की जांच हेतु दल गठित किया है। गठित दल में तहसीलदार कटनी नगर आशीष अग्रवाल और खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी, नगर निगम के वार्ड क्रमांक 31 से वार्ड 45 में स्थित मिठाई दुकानों एवं खोवा दुकानों की जांच करेंगे। जबकि नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश साहू कटनी शहर के वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक और नायब तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम व खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा कटनी शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 15 में स्थित दुकानों की जांच करेंगे और प्रत्येक दिन में की गई कार्यवाही से अवगत करायेंगे।

### इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए कराएं पंजीयन

**कटनी।** राज्य में म.प्र. कौशल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल्स में प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय द्वारा प्रत्येक दो साल में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता 'ऑलंपिक के समान' का आयोजन सदस्य देशों में से एक देश में किया जाता है। वर्ष 2024 में यह प्रतियोगिता ल्योन, फ्रांस में आयोजित की गई थी एवं आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में सांघाई चीन में आयोजित की जाएगी। उक्त अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन प्रथम स्तर पर मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माणबोर्ड द्वारा आयोजित राज्य कौशल प्रतियोगिता 2025 और द्वितीय स्तर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय एवं नेशनल कौशल डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025 द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए एसआईडीएच पोर्टल Skillindiadigital.gov.in पर 30 सितंबर 2025 तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। पंजीयन हेतु केवल आयु सीमा 16 से 22 वर्ष एवं कुछ स्किल्स में 25 वर्ष है।

### कक्षा 9वी व 11वीं में प्रवेश के लिए 7 अक्टूबर तक मौका

**बड़वारा।** जवाहर नवोदय प्राचार्य ने बताया कि कक्षा नवमी एवं 11वीं (सत्र 2026 - 27 ) में रिक्त सीटों पर चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार लिंक पर जाकर निशुल्क आवेदन कर सकते हैं । कक्षा 9वीं कक्षा 11वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

रेलवे स्टेशन में यात्री, कुली, वेंडर तक बरत रहे लापरवाही, प्रबंधन बेपरवाह

# जोखिम भरी जल्दबाजी : फुट ओवर ब्रिज की बजाए ट्रेक पार कर खतरे में डाल रहे जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दुर्घटना से देर भली यह कहावत है तो सौ फीसदी सच लेकिन आज के समय में हर किसी को जल्दबाजी रहती है। यही जल्दबाजी अक्सर हादसे का कारण भी बनती है। ऐसा ही कुछ रेलवे स्टेशन में भी देखा जा सकता है। दरअसल मुड़वारा रेलवे स्टेशन में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाए गए हैं। बावजूद इसके यात्री से लेकर वेंडर एवं कुली तक नियमों का उल्लंघन कर अपनी जान को जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाते हैं। रेल ट्रैक पार करने से हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। ट्रैक को पार करने से रोकने और एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करने की उद्घोषणा भी रेलवे प्रबंधन करवाता है लेकिन कुछ यात्री, कुली, वेंडर और यहां तक कि टीसी जल्दबाजी में रेल ट्रैक पार कर अपनी को जोखिम में डाल रहे हैं।



ट्रेन में सीट मिल जाए इसके लिए भागमभाग वाली स्थिति देखने को मिलती है। रेलवे स्टेशन में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने के लिए रेल ट्रैक पार करने के नजारे अक्सर देखे जा सकते है। कोई न कोई यात्री या तो जल्दबाजी के कारण या फिर शॉर्टकट अपनाने के लिए रेल ट्रैक पार करता है। ट्रैक पार कर रहे यात्रियों की एक गलती भी उन्हें हादसे का शिकार बना सकती है। बावजूद इसके यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर रेल ट्रैक पार कर रहे है। रेलवे स्टेशन के अंदर खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडर, यात्रियों का सामान ढोने वाले कुली भी एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करने की बजाय रेलवे ट्रैक का उपयोग करते हैं।

गाहे बगाहे तय प्लेटफार्म की बजाये दूसरे प्लेटफार्म में ट्रेनों के आने का बदलाव हो जाता है ऐसे में यात्रियों में होड़ मच जाती है। फुट ओवर ब्रिज की बजाये यात्री ट्रेक को ही पार कर दूसरे प्लेटफार्म में पहुंचने की कोशिश करते हैं। इस तरह की लापरवाही से यात्रियों की जान जोखिम में रहती है। बावजूद इसके यात्रियों को ऐसा करने से रोकने के लिए प्रबंधन द्वारा कोई खास सख्त रूख नहीं अपनाया जाता। इस तरह के नजारे स्टेशनों में ट्रेन के आने के दौरान दिखाई देते हैं।

रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों से अप और डाउन को मिलाकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेन गुजरती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हर समय प्लेटफार्म में ट्रेन के संचालन का दबाव बना रहता है। ट्रेक पार कर रहे यात्रियों की एक चूक भी उन्हें हादसे का शिकार बना सकती है। बावजूद इसके यात्री अपनी जान-जोखिम में डालकर रेल ट्रेक पार कर रहे है। रेलवे स्टेशन में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने के लिए कोई यात्री ब्रिज का उपयोग करने की बजाय रेल ट्रेक का उपयोग कर रहा है तो रेलवे एक्ट के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है लेकिन रेलवे प्रबंधन एवं पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है।

---



## आंगनबाड़ी में खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगा दी गई जानकारी

पोषण माह के तहत विभिन्न गतिविधियों का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत परियोजना बड़वारा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मिट्टी/पेपर खिलौने, स्टोरी टेलिंग एक्टिविटी आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं पोषण माह अंतर्गत स्थानीय उत्पादों पर आधारित खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई। ज्ञातव्य होवे की दिनांक 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र में अलग-अलग थीम आधारित गतिविधियां आयोजित कराई जा रही हैं। उपरोक्त गतिविधियां परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में कराई जा रही है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में बड़वारा सरपंच श्रीमती सुनैना सिंह टेकाम की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने आज की पोषण प्रदर्शनी, में स्थानीय उत्पादो , पौष्टिक खाद्य पदार्थ के बारे में जागरूकता फैलाने, शाला पूर्व शिक्षा में स्वयं निर्मित स्वदेशी खिलौने को बढ़ावा देने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की सराहना की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यवेक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

---

मीडिया के साथ परिचात्मक बैठक में निगम आयुक्त ने कहा

## शहर का सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों की सुविधाओं का विस्तार होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम का कार्य नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है इसलिए इस दिशा में विशेष प्रयास किए जाएगें। शहर आपका है आप सभी के सामूहिक सहयोग और आपसी समन्वय के साथ शहर का सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं में विस्तारीकरण करना हमारी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उक्त बात निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस ने मंगलवार को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में आयोजित मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक बैठक के दौरान कही।



निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बताया कि बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, पानी, बिजली, सुगम आवागमन के साथ-साथ स्वच्छता पर विशेष फोकस रहेगा, इस लक्ष्य को पाने के लिए शीध्र ही मैदानी स्तर पर कार्य करने के प्रयास किये जाएगें। इसके साथ ही शासन की जो योजनाए नगर निगम के माध्यम से संचालित हैं उन सभी योजनाओं का पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए हितग्राही तथा आमजनों तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाई जायेगी ताकि पात्र हितग्राहियों को एवं आमजनों को उसका लाभ मिल सके।

नगर में सीवर कार्य के दौरान हुई क्षतिग्रस्त सड़कों के नियमानुसार रेस्टोरेशन के साथ ही सार्वजनिक मार्गो में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों पर नियंत्रण हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जाकर नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराये जाने की बात निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा बैठक के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों से कही गई।

### समस्याओं का निराकरण

नगर निगम में आयोजित परिचयात्मक बैठक के दौरान नगर के मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा नगर विकास के विभिन्न मुद्दों जैसे सौंदर्यीकरण, सुगम यातायात व्यवस्था, अवैध कॉलोनी निर्माण, ट्रांसपोर्ट नगर योजना, सहित विभिन्न योजनाओं कार्यो एवं योजनाओं के सफलतापूर्ण क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। जिन्हे निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा नोट कराया जाकर प्राप्त सुझावों पर विस्तृत कार्ययोजना निर्धारित कर समय-सीमा में समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाने की बात कही गई।

---

### सांसद ने शहर का भ्रमण कर जीएसटी रिफार्म के लाभ पर की चर्चा



खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को शहर के मुख्य मार्गों पर पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से संवाद स्थापित कर जीएसटी रिफार्म के महत्व और उसके लाभों पर चर्चा की। सांसद शर्मा ने दुकानों पर जाकर स्टिकर लगाए और मिठाई खिलाकर व्यापारियों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व्यापारियों की सुविधा और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, सुरेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, अंकिता तिवारी, जिला मंत्री आशीष गुप्ता बाबा, विजय गुप्ता, डारेश्वर पाठक सहित बड़ी संख्या में भाजपाजन मौजूद थ। घण्टाघर से सुभाष चौक तक सांसद ने पैदल भृमण किया। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने कल से ही जीएसटी कम होने पर घटी हुई कीमतों का लाभ ग्राहकों को देना शुरू कर दिया है। पैदल मार्च का शुभारंभ घंटाघर से हुआ, जो शहर के विभिन्न प्रमुख बाजार क्षेत्रों से होकर गुज़रा। जगह-जगह व्यापारियों ने सांसद का स्वागत किया।

---

## अग्रसेन जयंती पर खिचड़ी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अग्रसेन महाराज की जयंती के अवसर पर श्री राजस्थानी मारवाड़ी समाज रजिस्टर्ड तथा सहयोगी इकाई राजस्थान नवयुवक मंडल स्थापित वर्ष 1954 के द्वारा दो दिवसीय आयोजन किया गया प्रथम दिवस पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर पूर्वजों की याद में मेन रोड दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के समक्ष खिचड़ी का वितरण आम जनों को किया गया जिसे सैकड़ो लोगों द्वारा ग्रहण किया गया इसी प्रकार अग्रसेन जयंती के दिवस आयोजित महाराजा अग्रसेन जी की शोभा यात्रा का भी उक्त द्वय संस्था के सदस्यों ने स्वागत करते हुए अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण व सामाजिक बंधुओं को फल का जूस वितरित किया गया।



इस दौरान समाज के वरिष्ठ एवं अग्रवाल समाज तथा मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष पवन मित्तल सुरेंद्र अग्रवाल तथा मुरली मनोहर अग्रवाल आदि ने उपस्थित जनों का अभिनंदन किया उक्त दोनों कार्यक्रम में राजस्थानी मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ श्री राम गोयनका, श्याम सुंदर खंडेलवाल, राजू अग्रवाल गोपाल शर्मा केशव दास गट्टानी, कृष्ण कुमार खेमका सहित गोपाल सिंघानिया, अशोक भगेरिया, नीरज गोयल, नितिन पुरोहित,सुरेश अग्रवाल अनिरुद्ध बजाज, मनीष सेकसरिया, जितेंद्र सिंघानिया, बबली गोयनका, मयूर गोयनका, सुमित गोयनका,अंजय जैन,जितेंद्र कनोड़िया,अभिषेक अग्रवाल, मनीष सुरेका, निखिल शर्मा, जीतेश अग्रवाल, रोहित शर्मा,अक्षय बजाज, अभिनंदन शर्मा, राघव गोयनका, अमित बजाज सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

---

ढीमरखेड़ा जनपद में अल्प विराम परिचय कार्यशाला आयोजित

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सीखी सकारात्मक सोच और आनंद का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आनंद की अनुभूति कराते हुए दैनंदिन जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत स्थित मंगल भवन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं आनंद विभाग कटनी के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल,विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा ने



कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया। जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन की भागदौड़ में व्यक्तिगत, सार्वजनिक और सेवा कार्यों के बीच सामंजस्य बनाकर स्थायी आनंद प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर सकारात्मक सोच को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने इस पहल को रचनात्मक सोच विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर अनिल काम्बले और स्मृति करपते द्वारा जीवन का लेखा-जोखा तथा चिंता का दायरा एवं प्रभाव का दायरा जैसे सत्रों के माध्यम से व्यवहारिक जीवन में संतुलन बनाने और रचनात्मक सोच विकसित करने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।

कार्यशाला के सफल संचालन में ब्लॉक समन्वयक बबीता शाह, अरविंद शाह,सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार, अंकित झारिया, सुरेश दुबे,सत्येंद्र सिंह, विपेन्द्र नामदेव, अंकित लोधी,र पेन्द्र बर्मन, संदीप कुमार का विशेष सहयोग रहा।

---

कृषि विभाग ने किसानों को रोग की पहचान व नियंत्रण के बताए उपाय

## धान की फसल में रोग और कीट के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में गर्म मौसम, अधिक नमी और बारिश में अंतराल के कारण धान की फसल में ब्लास्ट रोग, जीवाणु पत्ती झुलसा रोग और भूरा माहू कीट का प्रकोप देखा जा रहा है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों को इन रोगों और कीटों से बचाव के लिए विशेष सलाह जारी की है।

ब्लास्ट रोग, पायरीक्यूलेरिया ओरिजे नामक फंगस के कारण होता है, इस रोग की शुरुआत पुरानी पत्तियों पर कत्थई एवं पीले रंग के अंडाकार धब्बे के रूप में होती है। ये धब्बे बाद में बड़े होकर किनारों पर भूरे रंग के और बीच में राख जैसे भूरे रंग के हो जाते हैं, जिन्हें आँख के आकार के धब्बे भी कहते हैं। गंभीर संक्रमण में ये धब्बे तो और दानों तक फैल सकते हैं, जिससे ₹नेक ब्लास्टर₹ होता है और दाने काले पड़ जाते हैं। इस रोग के प्रबंधन हेतु संतुलित मात्रा में नाइट्रोजन उर्वरक एवं पोटाश उर्वरक का उपयोग करें। नाइट्रोजन के अधिक प्रयोग से रोग का प्रकोप बढ़ सकता है। इस रोग के नियंत्रण हेतु, ट्राईसाइक्लाज़ोल 75% WP की 120 से 150 ग्राम मात्रा को 150 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिडकाव करे एवं आवश्यकता अनुसार 10 से 15 दिन बाद कासुगामाइसिन 3% SL 400 मि.ली. प्रति एकड़ का पुनः छिडकाव करें। हेक्साकोनाजोल 5% एससी का 400 मिलीलीटर या Azoxystrobin + Tebuconazole का 150 से 200 ग्राम प्रति एकड़ का भी प्रयोग किया जा सकता है।

यह रोग जैथोमोनास ओराइजी पीवी. ओराइजी नामक बैक्टीरिया (जीवाणु) के कारण होता है। इस रोग में पत्तियों की उपरी सतह के दोनो किनारों पर कत्थई एवं पीले रंग की धारियाँ दिखाई देती हैं जो बाद में लंबी होकर सिकुड कर झुलस जाती है एवं भूरी-सफेद पड़ जाती हैं सुबह के समय पत्तियों पर बैक्टीरिया के पीले रंग के तरल पदार्थ की बूँदे देखी जा सकती हैं। इस रोग के फैलाव को रोकने के लिए खेत में पानी के स्तर को नियंत्रित रखें, अधिक जल जमाव से बचें एवं रोग की अवस्था में यूरिया प्रयोग न करे अन्यथा यह रोग तजी से फैलता है। इस रोग के नियंत्रण के लिए कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50% डब्ल्यूपी की 500 ग्राम मात्रा एवं स्ट्रेप्टोसाईक्लिन (स्ट्रेप्टोमाइसिन सल्फेट 90% + टेट्रासाइक्लिन हाइड्रोक्लोराइड 10% एसपी की 15-20 ग्राम मात्रा को प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें या कासुगामाइसिन 5%+ कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50% डब्ल्यूपी की 300 ग्राम मात्रा का प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। आवश्यकतानुसार 10-15 दिन बाद छिडकाव को पुनः दोहरावें।

### भूरा माहू रस चूसक कीट

जिले में भूरा माहू कीट के प्रकोप से फसल को बचाने के लिए किसानों को सलाह दी गई है कि वह अपनी फसल का सतत देखभाल करते रहे इस कीट का प्रकोप पौधों के निचले भाग में होता है एवं उपरी सतह पर कीट का प्रकोप दिखाई नहीं देता है जल भराव वाले खेत में इस कीट के प्रकोप की ज्यादा संभावना होती है। कीट के प्रकोप की स्थिति में पतियों का व्यापक रूप से पीला पडना, भूरा होना, सूखना जो किनारो से शुरू होता है, इसका प्रकोप खेत में चकतो के रूप में दिखाई देना, जमीन के पास तनों में भूरे रंग का रस चूसक माहू कीट दिखाई देने पर नियंत्रण के उपाय अपनाये इसके लिए बारी बारी से खेतों में जल भराव करे फिर पानी को बाहर निकल दे और खेत को 3 से 4 दिनों के लिए सूखा रखें। अपनी धान फसल में माहू नियंत्रण हेतु रासायनिक दवाओं का प्रयोग करें, दवा को पौधे के नीचे तक पहुँचाना आवश्यक है। एक एकड में 150 से 200 लीटर पानी या 10 से 12 स्प्रेयर पंप (15 लीटर) के मान से छिडकांव करें। भूरा माहू से नियंत्रण के लिए कृषक पायमेट्रोजिन 50 प्रतिशत डब्लूजी 300 ग्राम/हेक्टेयर या डायनोटेफ्यूरोन 70 प्रतिशत डब्लूजी 85 ग्राम हेक्टेयर या डायनोटेफ्यूरोन 15 प्रतिशत डब्लूजी पाईमेट्रोजिन 45 प्रतिशत डब्लूजी 330 ग्राम हेक्टेयर या थायोमेथेक्जाम 25 प्रतिशत डब्लूजी 100-120 ग्राम/हेक्टेयर या इमीडाक्लोरोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल 150-200 मि.ली./हेक्टेयर या फिप्रोनिल 3 प्रतिशत व्यूप्रोफेजिन 22 प्रतिशत 500 मि.ली. हेक्टेयर या ब्यूप्रोफेजिन 15 प्रतिशत एसीफेट 35 प्रतिशत 50 ग्राम/हेक्टेयर में से किसी भी एक रासायनिक दवा का प्रयोग कर धान फसल में भूरा माहू कीट से निदान पाया जा सकता है।

---

## महिलाओं को श्री विधि से धान उत्पादन एवं पशुपालन का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमंगवा में स्व-सहायता समूह 33 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

### ऐसे लें सकते हैं अधिक उत्पादन

प्रशिक्षण के क्रम में कम लागत में धान की अधिक उत्पादन के लिए मेडागास्कर या श्री विधि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत बताया गया कि 5 किलो धान बीज प्रति हेक्टेयर की नर्सरी तैयार कर 9 से 11 दिन के पौधे को



उखाड़ कर आधे घंटे के अंदर कतार से कतार 9 इंच एवं पौधे से पौधे को 9 इंच की दूरी पर एक-एक पौधे सीधे लगा देते हैं। पौधों की जड़ों में मिट्टी एवं बीज लगा होना चाहिए। नर्सरी हेतु क्यारी 10 मीटर लंबी एवं 1 मीटर चौड़ी तथा 15 सेंटीमीटर ऊंची होनी चाहिए। एक हेक्टेयर के लिए 100 वर्ग मीटर की आवश्यकता होती है।

खरपतवार निंदा नियंत्रण के लिए कोनो वीडर कृषि यंत्र का उपयोग कर सकते हैं। इस विधि में उत्पादन डेढ़ गुना अधिक प्राप्त होता है। पशुपालन के अंतर्गत गाय भैंस एवं बकरियों की उन्नत नस्ल संतुलित पशु आहार रोग नियंत्रण के लिए टीकाकरण तथा अधिक दुग्ध उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी गई। संस्था के कर्मचारी अरुण कुमार रजक ने प्रशिक्षण संपन्न कराने में सहयोग किया।

**खबर संक्षेप**

## सब जेल हटा में कैदियो और आगंतुको के लिए नई सुविधाएँ स्थापित

**दमोह।** 23 सितम्बर को जेएसडब्लू सीमेंट कंपनी, हटा ने अपने सी.एस.आर कार्यक्रम के तहत समाज के सभी लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु सब जेल हटा में कैदियों से मुलाकात करने के लिए आए हुए आगंतुकों के बैठने की सुविधा हेतु स्टील बेंचों, स्वच्छ जल की आपूर्ति के लिए 100 लीटर/प्रति घंटे की क्षमता वाला आ. रो. सिस्टम (केंट), एयर कूलर की स्थापना की। साथ ही कैदियों के मानसिक विकास हेतु जेल में लाइब्रेरी की स्थापना की गई जिसमे किताबे,अलमारी, कुर्सियों एवं टेबल की व्यवस्था की गयी। इस मौके पर जेलर नगेन्द्र चौधरी ने इस सहयोग के लिए जेएसडब्लू सीमेंट का आभार व्यक्त किया एवं इस मौके पर कंपनी के सी.एस.आर. प्रबंधक अमित कुमार एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पन्ना सीमेंट प्लांट में बड़ा हादसा मजदूर की मौत पैर फिसल जाने की वजह से हुआ हादसा

**पन्ना।** जिले में स्थापित सीमेंट प्लांट में आज एक हादसा सामने आया जिसमें एक 32 वर्षीय व्यक्ति गुरजीत सिंह पंजाबी की जान चली गई दरअसल मजदूरी का कार्य करते वक्त पैर फिसल गया और पैर फिसल जाने से वह जमीन पर गिर गया और जमीन में रखी मशीन से टकरा गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई मंगलवार की दोपहर 11:00 बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमरिया पुलिस मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन में जुटी है पंचनामा कार्यवाही उपरांत सब पोस्टमार्टम हेतु ले जाया गया ।

### व्यापारी महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम व विधायक को ज्ञापन सौंपा

# लगातार बढ़ रही चोरी व अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने व्यापारियों ने आवाज उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



शहर में हो रही चोरी और आपराधिक घटनाओं के मामले में शहर का व्यापारी वर्ग भी चिंतित दिखाई दे रहा है। बीते दिनों शहर के चंडी जी मंदिर चौक के पास किराना दुकान में हुई चोरी के मामले को लेकर नगर के व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय व विधायक के निवास पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। बीते 15 सितंबर की रात शहर के चंडी जी मंदिर चौक के समीप मां चंडी जी किराना दुकान में दुकान के पीछे का जंगला काटकर घुसे चोरों द्वारा लाखों रुपए की चोरी की गई थी। शहर के बीच हुई इस चोरी से अन्य व्यापारी भी भयभीत हैं। वहीं शहर में लगातार बढ़ रहे आपराधिक मामलों के प्रति भी व्यापारियों ने चिंता जताते एसडीएम व विधायक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। व्यापारी संघ के सदस्यों ने कहा कि किराना दुकान में 13 लाख 50 हजार रुपए नगदी रकम की चोरी होने से शहर के व्यापारी समाज में गहरी चिंता और असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है।

वहीं हटा नगर में जगह-जगह खुलेआम अवैध तौर पर शराब-गांजा बिक रहा हैं, खुले तौर पर सट्टा बुकिंग हो रही है। इस पर प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही हैं जिससे अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। जिससे अनैतिक गतिविधियां बढ़ रही है, साथ ही स्कूल के बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों के साथ मारपीट तथा आपराधिक गतिविधियां कर अराजकता फैला रहे हैं। अभी वर्तमान में बर्तन व्यापारी उत्कर्ष ताम्रकार एवं स्कूली छात्र पार्थ सोनी के साथ मारपीट की घटना को असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया है। अपराध पर नियंत्रण न होने से शैक्षणिक संस्थाओं स्कूलों में बच्चों की बीच गैंगवार जैसी स्थितियां बन रही हैं। अंधियारा बगीचा हाईवे पर स्कूली छात्र छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नगर के चारों नाकों पर आवारागर्दी, शराबखोरी एवं देर रात सड़कों पर तेज गति से बुलेट एवं अन्य वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। जहां विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक ने तात्कालिक थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष को समक्ष बुलाकर चर्चा कर पुलिस से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिए।

### कमजोर पुलिसिंग का नतीजा

ज्ञापन के दौरान व्यापारियों ने कहा कि शहर में चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। कहीं ना कहीं पुलिस की कमजोरी है। जिसकी वजह से घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आधी रात तक बेवजह घूमने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। जिसकी वजह से अपराध भी हो रहा है। उन्होंने पुलिस विभाग से नशे पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की मांग

एडीएम राकेश मरकाम से कार्यालय में व्यापारियों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि चोरी की इन दोनों घटनाओं में शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत किया जाए। इस दौरान दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी महासंघ के पदाधिकारी व दुकानदार उपस्थित थे।

# पटी बेड़िया में चल रहा कच्ची शराब का काला कारोबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घांघरी के ग्राम पटी बेड़िया में लंबे समय से अवैध कच्ची महुआ की शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस जहरीली शराब में रसायन तक मिलाया जाता है और इसे आसपास के 10 से 15 गांवों में भेजा जाता है। इस शराब को पीकर लोग बीमार हो रहे हैं और कई की मृत्यु भी हो चुकी है। छोटे-छोटे बच्चे तक इसकी चपेट में आ गए हैं और महिलाओं का जीवन लगातार कठिन होता जा रहा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरा गोरखधंधा थाने से महज दो किलोमीटर की दूरी पर संचालित हो रहा है। ग्रामीणों और संगठन का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब का निर्माण हो और पुलिस को खबर न हो, यह संभव ही नहीं है। सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में यह कारोबार चल रहा है। संगठन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि सात दिन के भीतर शराब निर्माण पर रोक नहीं लगी तो भगवती मानव कल्याण संगठन विशाल धरना प्रदर्शन करेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इसी क्रम में संगठन ने बताया कि वह लगातार समाज सेवा और अन्याय अधर्म करने वाले माफियाओं के खिलाफ आवाज उठा रहा है। हाल ही में 20 सितम्बर को नोहटा में गौशाला के पास अवैध उत्खनन की जानकारी मिली। जब संगठन के लोग मौके पर पहुंचे तो वहां एक खुदाई मशीन काम करती मिली। ग्रामीणों के अनुसार यह मशीन अंकुर जैन की बताई गई। संगठन की मौजूदगी के बाद मशीन बंद कर दी गई और मामला उजागर हो गया। लेकिन कार्रवाई से तिलमिलाकर अंकुर जैन और उसके साथियों ने संगठन और पदाधिकारियों के खिलाफ सामाजिक मंचों पर ग़लत संदेश और भड़काऊ टिप्पणियां कीं। संगठन ने इसे न केवल हजारों-लाखों लोगों की भावनाओं को आहत करने वाला कदम बताया है बल्कि इसे धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश भी करार दिया है। इस पूरे मामले पर नोहटा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन किया गया है। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर किया जाएगा। साथ ही आंदोलन को और तेज कर दोषियों को हर हाल में बेनकाब किया जाएगा।



## बच्चों को खिलाई कृमिनाशक टैबलेट

**तेजगढ़।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर के छात्र-छात्राओं को क्रमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कृमि नाशक टैबलेट खिलाई गई। उपस्थित सेक्टर सुपरवाइजर तेजपाल सिंह ने बच्चों को कर्मी नाशक गोली खाने के फायदे विस्तार से बताएं उन्होंने बताया कि एनीमिया में कमी और पोषण में सुधार होने से हमारा मानसिक और शारीरिक विकास वेहतर होता है। वहीं संस्था प्रभारी मनोहर सिंह ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए अच्छी आदतें अपनाने के लिए कहा जैसे- हमें पानी छानकर पीना चाहिए खाना ढक कर रखना चाहिए। फल सब्जियों को साफ पानी से धोकर उपयोग करना चाहिए। खाने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से हाथ जरूर धोना चाहिए। इस अवसर पर शुभम सोनी, विनीत जैन कल्पना लोधी, बहादुर सिंह , मालती लोधी , मनोज रैकवार ,पुष्पेंद्र अहिरवार औरआंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुशीला ठाकुर उपस्थित रही।

## कृमि नाशक दवा बच्चो कों खिलाई

**दमोह।** राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस के अवसर पर आज हटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कनकपुरा के तिंदनी हरदूडांडा में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को कृमि नाशक टैबलेट खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी अमले ने छात्र-छात्राओं को भोजन उपरांत टेबलेट खिलाई और इसके फायदे भी बताए। इस दौरान आशा कार्यकर्ता ऋचा मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हरिबाई गोश्वामी और शिक्षक मौजूद रहे।

# शिविर में 389 लोगों का किया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में स्वस्थ नारी, सशक्त नारी सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ बीएमओ डॉ. डी. राय की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ शुरू किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 389 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में लोगों को उनके स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए विभिन्न शिविर और सलाह केन्द्रों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तचाप, शुगर, वजन, हृदय स्वास्थ्य एवं सामान्य शारीरिक जांच जैसी सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, रूपेश सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, डॉ. रवि यादव, सुनील सोनी, अशोक आर्य, सचिन साहू, पुरुषोत्तम गर्ग , बृजेश राय अतुल तिवारी सहित स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं एवं परिवारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। बीएमओ डॉ. डी. राय ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार और योग एवं व्यायाम के महत्व पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने परिवार और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। शिविर में ग्रामीण और शहर के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती है और गंभीर बीमारियों से बचाव संभव होता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएंगे।

## जनसुनवाई में 206 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सुनवाई भी सेवा भी अंतर्गत लगाये गये स्टॉलों का विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्टॉलों के सबंध में जानकारी दी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 206 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 03 आयुष्मान कार्ड, श्रम विभाग 03, लीड बैंक द्वारा 03 हितग्राहियों को जानकारी, महिला बाल विकास 14, पशुपालन एवं डेयरी 12, पीएम सम्मान 03, जिला व्यापार 21 एवं 204 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर श्री गौस्वामी, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 34 निराकृत किए गए।

# जागेश्वर धाम बांदकपुर में नवदुर्गा उत्सव, भक्तों की उमड़ी श्रद्धा



**बनवार ।** बुंदेलखंड का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यहां नवदुर्गा उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। देव श्री जागेश्वरनाथ धाम की विशेषता यह है कि यहां 13वें ज्योतिर्लिंग की मान्यता प्राप्त स्वयंभू दिव्य और भव्य शिवलिंग विराजमान है। इसी दिव्य शिवलिंग के समक्ष माता पार्वती का मंदिर है, जहां माता पार्वती की अलौकिक प्रतिमा विराजमान है। वहीं गर्भगृह में माता सती की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। नवरात्रि पर्व के अवसर पर माता जगत जननी मंदिर में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा नौ दिनों तक दुर्गासप्तशती पाठ किया जा रहा है। महानवमी के दिन विशेष हवन और पूजन संपन्न होगा। इसी तरह श्रीराम मंदिर में संस्कृत वेदांग विद्यालय के छात्र नौ दिन तक अखंड रामचरितमानस पाठ कर रहे हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ती है और देर शाम तक दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहता है। धाम में मां पार्वती का प्रतिदिन नया श्रृंगार किया जाता है जिसे देखने भक्त बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। माता का नूतन श्रृंगार और भव्य झांकी श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करती है। भक्ति-भाव से ओतप्रोत इस उत्सव में मंदिर समिति द्वारा भक्तों की सुविधा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पूरा मंदिर परिसर इन दिनों देवी भक्ति और शिव आराधना में डूबा हुआ है। चारों ओर जय माता दी और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारे गूंज रहे हैं।

# कृमि मुक्ति दिवस पर खिलाई एल्बेंडाजोल की दवा



**हटा।** शासन के आदेशानुसार कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के संयुक्त समन्वय द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर हटा विकासखंड के समस्त स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को अभियान के तहत कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई जिसका निरीक्षण सीबीएमओ डॉक्टर यूएस पटेल एवं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकार देते हुए हटा सीबीएमओ डॉक्टर यूएस पटेल ने बताया कि अभियान के तहत विकासखंड के समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब 46 हजार बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया गया एवं शेष बच्चों को 13 सितंबर को दवा खिलाई जावेगी उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति कार्यक्रम एनीमिया को नियंत्रित करने हेतु किया जाता है क्योंकि कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है। इसी श्रंखला में सेक्टर रनेह अंतर्गत रसीलपुर आंगनबाड़ी केंद्र 27 में कार्यकर्ता अनुराधा प्रजापति आशा कार्यकर्ता प्रियंका मिश्रा द्वारा बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई इसके अलावा सेक्टर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्यवेक्षक चंद्रकांति बहोत्रा के मार्गदर्शन में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। पर्यवेक्षक चंद्र कांति बहोत्रा ने बताया कि कृषि संक्रमित बच्चों में कुपोषण और खून की कमी होती है जिसके कारण थकावट रहती है और संपूर्ण शारीरिक मानसिक विकास नहीं होता। दवा खिलाए जाने से मानसिक विकास में मदद मिलती है खून की कमी में सुधार होता है एवं बेहतर पोषण स्तर रहता है।

# संदीपनी विद्यालय केंपस 2 में समग्र विकास मेला का आयोजन



**पथरिया।** नगर के शासकीय प्रा.संदीपनी विद्यालय केंपस 2 में केजी 1 व केजी 2 छात्रों के समग्र विकास मेला का आयोजन सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ मेला 6 आयामों को लेकर हुआ जिसमें बड़ी मासपेशियों का विकास / स्थूल गत्यात्मक कौशल, छोटी मांसपेशियों का विकास / सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल, संज्ञानात्मक विकास और संख्या पूर्व कौशल, भाषा विकास एवं आरंभिक साक्षरता, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं सौंदर्य बोध I सन्दीपनी हायर सेकेंडरी विद्यालय प्राचार्य के.पी.विदौलिया द्वारा सरस्वती पूजन समस्त स्टाप व सैकडो गणमान्य अभिभावकों उपस्थिति में शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर, पुष्प अर्पित चंदन तिलक लगाकर किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मनमोहन पटेल,अध्यक्षता कुंजीलाल पाली व विद्यालय परिवार प्रभारी सुदेश नायक, अजय कोरी, लक्ष्मण सिंह,रमाशंकर पौराणिक, मूलचंद, रचनी अहिरवार,अनिता यादव, गुलाब सींग, अरविन्द अहिरवार, शैलेन्द्र पटेल, मंजो पटेल, दीपक भारती, महेन्द्र अहिरवार, पुरुषोतम सेन आदि सैकड़ों जन की उपस्थिति रही।

# नर्सिंग क्षेत्र के युवाओं के लिये होगा विशेष ओरिंटेशन सेशन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा दमोह में पहली बार विदेशों में रोजगार के अवसर तलाशने के लिये अलग-अलग जगह बात कर रहे थे और उसमें जर्मनी की एक टीम संपर्क में आयी थी, उन्होंने इच्छा व्यक्त की थी कि वह युवाओं से बातचीत करना चाहते है, क्योंकि जर्मनी में नर्सिंग से लेकर अन्य क्षेत्रों में रोजगार की बहुत बड़ी संभावना है, उसका आज ओरिंटेशन शिविर रखा था जिसमें करीब 150-200 से अधिक युवा थे, जिनको ओरियेंट किया व जर्मन भाषा कैसी सीखी जाती है, उसके बारे ओरिंटेशन किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आगे इसमें दो काम करने वाले है आज जो युवा ओरिंटेशन में थे और जो फाइनली इंटरेस्ट दिखायेंगे उन सारे युवाओं को लेकर के अगले चरण की तरफ बढ़ेंगे इनका एक और इंटेसिव सेशन रखवायेगें ताकि और गहराई से बच्चों को चीजें समझ आयें। उन्होंने कहा जो जर्मनी से लोग आये थे उन्होने बताया कि नर्सिंग क्षेत्र में बहुत अधिक संभावना है, तो बहुत ही जल्द हम नर्सिंग क्षेत्र के युवाओं के लिये विशेष ओरिंटेशन सेशन रखेंगे । यह पहला कदम था इस दिशा में और आगे बढ़ेंगे और टीम से कहा कि दुबई और अन्य स्थानो पर भी अवसर देख रहे है वहॉ पर भी रोजगार की क्या संभावना है, तो वहॉ के लोगों को यहॉ बुलायेंगे और यहॉ के युवाओं को ओरियेंट करायेगे ताकि हमारे युवाओं के पास च्वाइस अवेलबेल हो और प्रदेश से लेकर विदेश तक रोजगार के अवसर युवाओं को मिल सके।

# सगरा, भजिया और कछवारा में शराबबंदी का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा जनपद क्षेत्र में नशामुक्ति की लहर लगातार जोर पकड़ रही है और अब तक 41 गांव शराबबंदी की राह पर चल चुके हैं। अति शीघ्र सभी गांवों में शराबबंदी लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शराबबंदी लागू होने के बाद गांवों में माहौल पूरी तरह बदल गया है। शाम ढलते ही जहां पहले गाली गलौज और लड़ाई झगड़े आम हो जाते थे वहीं अब शांति का वातावरण छा जाता है। महिलाएं इस बदलाव से सबसे अधिक प्रसन्न हैं और बच्चों के चेहरे पर भी उत्साह झलक रहा है। शराबबंदी के इसी क्रम में सोमवार को सगरा पंचायत में सरपंच जिनेश कुमार जैन की अगुवाई में भव्य आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव में शराब बेचने वालों पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और शराब पीकर गाली गलौज या लड़ाई झगड़ा करने वालों पर पांच हजार रुपये का दंड लगाया जाएगा। इस निर्णय को गांव के लोगों ने ऐतिहासिक बताते हुए समर्थन किया और इसे सख्ती से लागू करने का संकल्प लिया। ग्राम भजिया में भी शराबबंदी को लेकर महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि अब घरों का वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा और परिवार में सुख शांति का संचार होगा। इसी तरह कछवारा गांव में भी शराबबंदी का आयोजन किया गया जहां ग्रामीणों ने एक स्वर में नशामुक्ति की राह पर चलने का निर्णय लिया।

इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह, संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह, जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलाब सिंह, दिनेश अहिरवार, भुजबल सिंह, अमन जैन, सरपंच प्रतिनिधि बबलू सिंह, जनपद सदस्य प्रभु नारायण दुबे, रीछई पंचायत के सरपंच रूप सिंह, पूर्व सरपंच कुंजीलाल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन और ग्रामीण मौजूद रहे।

जबेरा जनपद क्षेत्र के गांवों में चल रहा यह आंदोलन अब नशामुक्त समाज की मिसाल बनता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शराबबंदी से न केवल परिवारों में सुख शांति बढ़ी है बल्कि समाज में एकता और भाईचारा भी मजबूत हुआ है। संगठन का लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी गांव शराब के दुष्प्रभाव में न फंसे और निकट भविष्य में पूरे जनपद को नशामुक्त घोषित किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## शिकायतकर्ता की उपस्थिति में कलेक्टर समाधान का होगा आयोजन

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर कलेक्टर की अध्यधक्षता में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक के साथ शिकायतकर्ता की उपस्थिति में "कलेक्टर समाधान" का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर समाधान का उद्देश्य सी. एम. हेल्पीलाइन में लंबित शिकायतों एवं उनके निराकरण की विस्तृत समीक्षा है। कलेक्टर समाधान कार्यक्रम के लिए प्रत्येक सप्ताह जिले के अलग-अलग विभागों की प्रत्येक विकासखण्ड में लंबित शिकायतों में से एक-एक शिकायत का चयन किया जायेगा। चयनित शिकायतों की जानकारी सप्ताहांत के एक दिन पूर्व संबंधित विभाग को दी जायेगी।

### महिला से जेवर छीनकर 22 बकरियां लेकर फरार हुए चार आरोपी सलाखों के पीछे

# बकरी चोर गिरोह पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नोहटा थाना क्षेत्र के कुंजपुरा गांव में 15 सितंबर की रात हुई बेतहाशा लूट और मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपियों को दो दिन की रिमांड पर लिया गया है, ताकि उनसे और पूछताछ की जा सके। एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि पन्ना और छतरपुर निवासी आरोपी बेसन खान, सलमान खान, राजेश उर्फ लाले खान और सवाल खान ने महिला के घर का दरवाजा खुलवाया और उसके साथ मारपीट कर उसके सोने के जेवर और 22 बकरियां जबरन लेकर भागे। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके कान की बाली और गले में सोने की माला भी छीन ली। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित की और आरोपियों का पता लगाया। जांच में सामने आया कि आरोपी अलग-अलग जिलों में अपने ठिकाने बनाए हुए थे और वहां से रेकी कर बकरियों की चोरी करते थे। आरोपियों के दो निजी चार पहिया वाहन जब्त किए गए हैं, जिनमें सीटों को मोडिफाई कर बकरियों को आसानी से छुपाकर ले जाने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने अब तक 22 बकरियां बरामद कर ली हैं, जिनकी कीमत करीब 2 लाख रूपये है। आरोपियों पर पन्ना, पवई और नोहटा में पहले से बकरियों की चोरी के कई मामले दर्ज हैं। सोने के जेवर की रिकवरी के लिए आरोपियों से पूछताछ जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि दूसरे थाना क्षेत्रों में उनके कितने मामले दर्ज हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नोहटा उनि अभिषेक पटैल, थाना प्रभारी तेजगढ़ उनि अरविंद सिंह एवं उनकी टीम, थाना प्रभारी जबेरा उनि विकास सिंह चौहान, शाहनगर थाना प्रभारी मनोज यादव एवं उनकी टीम एवं थाना नोहटा से सउनि माधव राय, सउनि. नागेन्द्र सिंह परिहार, प्रआर 765 कामता, प्रआर दीपक, प्रआर श्रीराम, प्रआर जितेन्द्र यादव, प्रआर सूरत सिंह, आर. कुलदीप, आर. तुलसीराम, आर. देशराज, आर. रविशंकर एवं सायबर टीम प्रआर सौरभ टंडन, प्रआर राकेश अठया, आर. मयंक दुबे एवं आर. रोहित की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

## मदिरा दुकान पर पाई गई अनियमितताओं के आरोप में कारण बताओ सूचना पत्र किया जारी

**दमोह।** निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकान पर पायी गई अनियमितताओं के आरोप में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सुरेखा कॉलोनी सिविल वार्ड नं.-09 दमोह मॉ वैष्णों देवी एण्ड कंपनी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है क्यों‍ा न संबंधित के विरूध्द- वैधानिक कार्यवाही की जावे ? इस संबंध में संबंधित अपना उत्तरर कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्तह होने की तिथि से 03 दिवस में प्रस्तुवत करें, अन्येथा यह माना जाकर कि संबंधित को आरोप स्वीसकार हैं, प्रकरण में मॉ वैष्णों देवी एण्ड कंपनी के विरूध्दत एकपक्षीय वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। ज्ञातव्य है गत रात्रि भ्रमण के दौरान मदिरा दुकान बस स्टैमण्ड -ए परिसर एवं आस-पास डिस्पो जल गिलास, पानी पाउच एवं अन्यत गंदगी पाये जाने, मदिरा दुकान में स्टॉ क रजिस्टिर अद्यतन नही पाये जाने पर जी.एल.सी. की शर्तो का उल्लांघन मानने के आरोप में आबकारी उपनिरीक्षक वृत दमोह-अ द्वारा विभागीय प्रकरण दर्ज किया जाकर जिला आबकारी अधिकारी दमोह के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## चंद्र की कला का मूर्त रूप चंद्रघंटाः श्री भगवान वेदांताचार्य

शक्ति का चिंतन एक गौरवमई गाथा के प्रयोग को जीवन में स्थापित करने का सिद्धांत है। नवरात्रि के दौरान जब भक्त जप, उपवास और प्रार्थना करते हैं, तो उस ज्ञान को बढ़ता देख पाते है जो अप्राप्त है जैसे चन्द्र की कला अंधकार को मिटाकर शीतल प्रकाश देने में समर्थ है जो क्रमिक विकास जैसा प्रतीत होता है बस वैसा ही है , मां चंद्र घंटा का रूप जो सत्ताईस नक्षत्रों से सजा है । जिसपर अर्ध चंद्र सुशोभित है । नवरात्रि केवल एक



उत्सव नहीं है, यह अपने भीतर की शक्ति को जगाने का आह्वान है दिव्य स्त्री को अन्य रूप में नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के स्त्रोत को पहचानने का अवसर है यह कथन श्री भगवान वेदांताचार्य जी के चिन्तन प्रवाह का विवेचन है । जो हमें सिखाती है कि पहचान के लिए नाम की आवश्यकता है नाम राशि से बनते है राशि नक्षत्रों के आधीन है नक्षत्र चंद्र की कला है यदि इसके बिना नाम रखना तक संभव नहीं ? तो पहचान कहा से आयेगी क्योंकि ६४ शाब्दिक वर्णों का यही तो आधार है जिसमें प्रत्येक राशिगत चरण के ४ शब्दों के वर्ण नक्षत्र रूप से नाम का प्रथम अक्षर बनता है यही सृजन है हिंदी जगत की शब्द श्रृंखला का जो चंद्र के घंटे से गुंजाय मान होकर नाद के रूप में प्रगट हो गए और अक्षर बन गए है अर्थात प्रकृति जानती है कि बच्चा मातृ भाषा के बिना कुछ नहीं सीख सकता कुछ भी नहीं जो उसका जीवन आधार है तभी तो शक्ति के तृतीय स्थान पर चंद्र घंटा के रूप में सुशोभित हो मां ने शिशु का प्रथम गुरु बन कर अक्षर विन्यास को आकार दिया। जिससे विद्या प्राप्त करने में उसकी संतान को आसानी हो साथ ही अब शब्दमई मां के निनाद से गुंजायमान सृष्टि में बौद्धिकता के मापदंड से ऊपर जगत में भारत का नाम (अंकित) उकेर सके जहां शिक्षा, ज्ञान , वाणी का संयम हमे शक्ति का संरक्षण पृथ्वी से चंद्र विज्ञान तक की कला को समाहित किये है ।

# विश्व आयुर्वेद दिवस पर आयुष विभाग ने किया चिकित्सा शिविर




**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन एवं आयुष विभाग के द्वारा दशम विश्व आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में जिला आयुष चिकित्सालय में सेमिनार और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धनवंतरी पूजन के साथ-साथ की गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ राज कुमार पटेल ने योग और नियमित दिनचर्या को अपनाकर स्वास्थ्य रहने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा मानव और धरती के लिए आयुर्वेद सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति हैं, इसे अपनाकर सुखद जीवन को जिया जा सकता हैं, जीवन शैली संबंधी विकारों, जलवायु जनित बीमारियों और तनाव से मुक्ति के लिए आयुर्वेद और योग अपनाने की छात्रावास के बच्चे बच्चियों से अपील की। महेन्द्र जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से ही आयुर्वेद दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई हैं जिससे पिछले एक दशक में आयुर्वेद की दुनिया बहुत विकसित हुई हैं। डॉ प्रियंका जैन ने कहा अब प्रति वर्ष 23 सितंबर को प्रधानमंत्री जी प्रयासों से ही विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा क्योंकि इस दिन रात और दिन बराबर होते हैं। सभी रोगियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उनका निशुल्क औषधि का वितरण किया गया। योग एवं प्राणायाम योग प्रशिक्षक और योग सहायक नीलम ठाकुर के द्वारा प्रदर्शन किया गया। डॉक्टर अंकित अहिरवाल के द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं महिलाओं के स्वस्थ रहने के तरीके के बारे में बताया गया। इसमें संगीता अहिरवार के द्वारा आयुर्वेद की थीम पर आधारित पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। शिविर में डॉक्टर प्रियंका जैन, डॉक्टर संजना नायक, संगीता अहिरवाल, लता परस्ते, रामकली राय, ज्योति चौहान, दीनदयाल रजक, सौरभ ठाकुर, मोहिनी, धीरज कुमार अहिरवार, एम आर अभिताभ शुक्ला, विजय श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता, कमलेश दुबे, शशिकांत तिवारी, कमलेश रजक, छात्र-छात्राए मौजूद रही।

### भारतीय जनता पार्टी ने व्यापारियों संग किया संवाद, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों पर की चर्चा

# जीएसटी सुधारों से घर-गृहस्थी का खर्च होगा कम, कारोबार होगा आसान : श्याम शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जनता पार्टी दमोह द्वारा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं सांसद राहुल सिंह लोधी के नेतृत्व में शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्र घंटाघर क्षेत्र में विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों का दौरा कर व्यापारियों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान व्यापारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उपभोक्ताओं एवं नागरिकों को हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी सुधारों की जानकारी देना और इसके लाभों को जन-जन तक पहुँचाना रहा। भाजपा पदाधिकारियों ने सभी से आह्वान किया कि वे इन सुधारों को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि जीएसटी में किए गए ये सुधार ऐतिहासिक कदम हैं। अब टैक्स व्यवस्था और अधिक सरल एवं पारदर्शी हो गई है। केवल दो टैक्स स्लैब – 5% और 18% रखे गए हैं। आवश्यक वस्तुएं जैसे खाद्य सामग्री, दवाइयाँ, साबुन, टूथपेस्ट, बीमा आदि या तो टैक्स-फ्री होंगी या न्यूनतम 5% की दर में आएंगी।

उन्होंने कहा कि पहले जिन वस्तुओं पर 12% टैक्स लगता था, उन्हें अब अधिकांशतः 5% स्लैब में लाया गया है। इससे जनता की बचत में वृद्धि, खरीदारी में सहजता और घरेलू खर्च में कमी आएगी।

स्थानीय व्यापार और स्वदेशी उत्पादों को मिलेगा बल – सांसद राहुल सिंह लोधी

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि नए सुधारों से एम एस एम ई, छोटे उद्योगों, कारोबारियों और उद्यमियों को लाभ होगा। सरल अनुपालन व्यवस्था से व्यापार करना आसान होगा और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर देश तेज़ी से बढ़ेगा।

उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा, "आइए गर्व से कहें – जो हम खरीदते हैं, वह स्वदेशी है। जो हम बेचते हैं, वह स्वदेशी है।" उन्होंने स्थानीय निर्माण और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर ज़ोर दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला महामंत्री महेश पटैल, रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, संजय यादव, अमित बजाज, मनीष तिवारी, राघवेंद्र परिहार, जिला मंत्री श्रीमती विनीता कुलस्ते, श्रीमती कुसुम खरे, कार्यालय मंत्री देवकी नदंन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साजिद रिजवी, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक जुगल अग्रवाल, आईटी सेल संयोजक रिंकू गोस्वामी, यशपाल राजपूत,सहित ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी, व्यापारीगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन सभी व्यापारियों से यह अपील करते हुए किया गया कि वे इस जन-हितैषी टैक्स व्यवस्था को अपनाकर अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुँचाने में अपनी भूमिका निभाएँ और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करें।

### युवाओं को विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

# जर्मनी में कैरियर की असीम संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




विधायक जयंत कुमार मलैया के मुख्य आतिथ्य में पीएम शासकीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव महाविद्यालय दमोह में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रिंटिस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, रमन खत्री, संजय सेन, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय प्राचार्य टी.के.श्रीवास्तव, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय डॉ. आलोक कुमार जैन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन डॉ. एनआर सुमन सहित आईटीआई प्राचार्य अभिषेक तिवारी, जिला रोजगार अधिकारी एल.पी लडिया मौजूद रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले में जर्मन में करियर एवं रोजगार के अवसर पर सेमीनार जिसमें एल.एण्ड एस (महाराष्ट्र) के प्रतिनिधि पुनित भूटानी एवं नेहा साहू जर्मन भाषा स्पेशलिस्ट दमोह द्वारा युवाओं को करियर एवं जॉब के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान कम्पनियों ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार आयोजित कर 232 युवाओं का प्लेसमेंट किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया एवं जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनाअंतर्गत स्वीकृत-वितरण ऋण प्रकरणों में 31 लाख 50 हजार रूपये की राशि के चेक अतिथियों द्वारा वितरित किये गये। युवा संगम कार्यक्रम में 10 कंपनियां ने भाग लेकर आई.टी.आई, फिटर, टेक्नीशियन, डिप्लोमा 10 वीं एवं 12 वीं स्नातक के छात्र-छात्राओं का निजी क्षेत्र की कंपनियां ने 232 युवाओं का चयन किया। स्वरोजगार योजनाओं के विभागों ने आवेदकों के लिये मार्गदर्शन एवं जानकारी प्रदान की। स्थानीय स्तर पर मुख्यमंत्री सीखो, कमाओ योजनाओं के जॉब हेतु वैकेसी क्रियेट करवाकर रोजगार उपलब्ध कराये गये। इस वित्तीय वर्ष में 6 युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रिंटिस मेला के माध्यम से 3375 आवेदकों के लिये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये एवं 200 से अधिक हितग्राहियों के लिये स्वरोजगार योजनाओं के ऋण स्वीकृत कराये गये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा विगत 3-4 बार से जिले में वृहद स्तर पर रोजगार मेला लग रहा है, उसी तारतम्य में वृहद रोजगार मेला रोजगार विभाग, तकनीकी कौशल विभाग द्वारा पी.जी कॉलेज में लगाया गया, इसका प्रमुख उद्देश्य तकनीकि रूप से अध्ययनरत छात्र है, उनको बाहर की बड़ी कम्पिनयों में रोजगार के अवसर मिले। एल.एण्ड एस (महाराष्ट्र) के प्रतिनिधि पुनीत भुटानी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये बताया पिछले 5 साल से इंडिया के काफी अभ्यर्थी की जर्मनी में कैरियर अवसर है, उसके बारे में अवेयरनेस प्रोग्राम कर रहे हैं और जो बच्चे इंटरेस्टेट रहते हैं, उनको कैरियर गाइडेंस का काम किया जा रहा हैं। आज पहला अवसर है जहां पर महाराष्ट्र के बाहर आमंत्रण मिला था, आज काफी अच्छा लग रहा है, दमोह के युवाओं के साथ बातचीत करके। उन्होंने बताया भारत में खुद की अपनी-अपनी लैंग्वेज होती है जब यहाँ से हम लोग केरला जाते है तो सब लोग मलयाली में बात करते है, वैसे ही अगर एक अभ्यर्थी को जर्मनी में जाना है तो उनको वहाँ का लोकल कल्चर में एडाप्ट होने के लिए काफी जरूरत पड़ती है और वहॉ के लोग अपनी लोकल लैंग्वेज को ज्यादा महत्व देते है।

जिला जनसंपर्क अधिकारी वाई.ए कुरैशी ने आभार व्यक्त करते हुये कहा जिले के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर युवाओं के लिए सतत प्रयासरत है, ऐसे अवसरो का आपको सदैव लाभ उठाना चाहिए।

# भारतीय किसान संघ ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** भारतीय किसान संघ निरंतर ही किसान हितेषी मुद्दों को लेकर किसान हित का कार्य करता रहता है और आगे भी करता रहेगा। वर्तमान सरकार की द्वारा धान पंजीयन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। क्योंकि पिछले वर्षों में हमारे दमोह जिले में धान की उपज को पटवारी के द्वारा



मनमर्जी से असंचित कर दिया गया था। जिसमें एक एकड़ पर 8 से 10 कुंतल तक ही धान खरीदा गया। अतः किसान संघ ने मांग की है कि प्रति प्रति एकड़ 20 कुंतल धान खरीदी जाए। साथ ही धान का समर्थन मूल्य 3000 प्रति कुंतल किया जावे तथा रवि की फसलों के लिए खाद की व्यवस्था पहले से ही कर दी जावे। माला जलाशय की अपार दम योजना का शीघ्र ही क्रियान्वन कर कर कार्य शुरू किया जावे जिससे जबेरा एवं तेंदूखेड़ा तहसील के किसानों के खेत में सिंचाई हेतु पानी की सुविधा मिल सके। किसान के स्थाई कनेक्शन की योजना लागू की जावे । इस अवसर पर भारतीय किसान संघ तहसील जबरा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मंत्री निजाम सिंह, सदस्य भूरे सिंह सहित सैकड़ो किसान उपस्थिति रहे।

# असलाना से बकैनी सड़क मार्ग घटिया निर्माण की भेंट चढ़ा



**पथरिया।** विगत कुछ वर्ष पहले ही असलाना से बकैनी सड़क मार्ग का निमार्ण कार्य कराया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया उस समय भी शिकायतें हुए लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया जिससे ठेकेदार ने मनमर्जी से काम किया वही 3 किमी के सड़क मार्ग में एक पुलिया निर्माण हुआ जो सड़क के लेबर से नही बनाई गई जिससे बारिश में पुलिया पर पानी भरने से आवागमन बंद हो जाता वही सड़क मार्ग में डामरीकरण होने के बाद अब गिट्टी उखड़ने लगी है इससे साफ जाहिर होता है कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। जिला कलेक्टर से मांग है कि उक्त सड़क मार्ग की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही की जाए व मार्ग को दुरुस्त किया जाए।

# महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम क आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



टाईम्स महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिये ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बी.के.पी. महाविद्यालय मालथौन के डायरेक्टर डॉ. अशीष पटैरिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के पूजन से हुआ एवं छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा संकायवार शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से परिचित कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मनजीत कौर साहनी द्वारा छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय की पृष्ठभूमि से परिचय करवाया गया। सुमित सर एवं शरद सर के द्वारा सस्था में सचालित्त पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न विभागध्यक्षों द्वारा महाविद्यालयीन गतिविधियों जैसे एन एस एस एवं एन सी सी स्पोर्टस एवं स्कालरशिप व सांस्कृतिक गतिविधियों ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सभी छात्र छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम सहित किट प्रदान की गई। मुख्य अतिथि डॉ अशीष पटैरिया द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र अपने विषय पर अच्छा ज्ञान रखने एवं महाविद्यालय में अनुशासित रहते हुए लक्ष्य प्राप्ति तक प्रयास करते रहे। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय विश्वविद्यालय के महत्व की जानकारी दी। सस्था के डायरेक्टर डॉ सुशील गुप्ता जी ने सभी छात्र/छात्राओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा सरवरिया एवं संजय सर के द्वारा किया गया एवं प्राचार्या द्वारा आभार व्यक्त किया।

# तेंदूखेड़ा जनपद कार्यालय में दस्तावेजों की चोरी

**तेंदूखेड़ा।** जनपद कार्यालय में सोमवार रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा दस्तावेजों की चोरी की एक गंभीर घटना सामने आई है। मामले का खुलासा मंगलवार सुबह उस समय हुआ, जब कार्यालय चौकीदार राजेंद्र विश्वकर्मा ने जनपद कार्यालय का मुख्य द्वार खोला। कार्यालय खुलते ही पाया गया कि एक कक्ष का दरवाजा टूटा हुआ था जिसमें लिपिक रघुवीर सिंह चौहान बैठते हैं और अंदर कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की फाइलें गायब थीं। चोरी की जानकारी एवं प्रारंभिक जांचः चौकीदार ने तत्काल इस घटना की जानकारी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष बागरी एवं संबंधित कर्मचारी को दी, जिनके अधीन वह कक्ष था। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि चोर मुख्य गेट के बगल में स्थित एक कमरे का दरवाजा तोड़कर कार्यालय में घुसे और अंदर से दस्तावेज लेकर फरार हो गए। चोरी गए दस्तावेजः विभिन्न कर्मचारियों द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में जो दस्तावेज चोरी हुए हैं, उनमें निम्न शामिल बताए जा रहे हैंः सांसद एवं विधायक निधि से संबंधित फाइलें ,मत्स्य विभाग के दस्तावेज,बीपीएल गरीबी रेखा से नीचे कार्यों से जुड़े आदेश सम्मिलित है इनका कहना-- थाना प्रभारी नितेश जैन का कहना है जनपद पंचायत से आवेदन प्राप्त हुआ है चोरी की जांच की जा रही है।

# पूर्व पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**दमोह।** प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महोदय हटा द्वारा निर्णय पारित करते हुए अपनी पूर्व पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा दी गई। मामले की जानकारी देते हुए दिलीप सिंह ठाकुर अतिरिक्त लोक अभियोजक हटा द्वारा बताया गया कि दिनांक 24/11/23 को आरोपी नफफू@नफीस खान ने अपनी पत्नी मरजीना बी को जो ग्राम पटेरा में अपने दूसरे पति के साथ रहती थी के पटेरा स्थित घर जाकर चाकू से हमला कर उसको पेट में बाये और चाकू मार दिया जिससे आहत मरजीना बी वहीं गिर गई और आरोपी नफफू अपने भतीजे के साथ फरार हो गया। आहत को उसके परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा ले गए जहां डॉ द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी आरएस बागरी करते ने करते हुए आरोपी की मोबाईल लोकेशन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 302 भा. द. वि. एवं धारा 25 आयुध अधिनियम में थाना पटेरा के अपराध क्रमांक 354/ 23 मंन प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई। जिससे उद्भूत सत्र प्रकरण क्रमांक 02/24 राज्य विरुद्ध नफफू **@** नफीस खान में न्यायालय में आए साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को धारा 302 भा.द. वि. में आजीवन सश्रम कारावास एवं 1000/- रुपये के अर्थदण्ड से एवं धारा 25 (1) (**B**) में 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई! शासन की ओर से मामले की पैरवी *दिलीप सिंह ठाकुर अतिरिक्त लोक अभियोजक ने की।